सूचना संख्या 2026–27/249

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

CENTRAL SANSKRIT UNIVERSITY

Accredited with A^{++} Grade by NAAC

एकलव्य परिसर/EKALAVYA CAMPUS

सिपाई पारा, लेम्बुचेरा,पश्चिम त्रिपुरा, त्रिपुरा

SIPAI PARA, LEMBUCHERRA, WEST TRIPURA, TRIPURA

दिनांक/Dated: 17-11-2026

-:सूचना/Notice:-

परिसर के समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर में दिनांक 19 से 21 नवम्बर, 2026 तक आयोजित होने वाले क्षेत्रीय युवा महोत्सव (पूर्वी क्षेत्र–04) में अन्य परिसरों एवं संस्थानों से आने वाले प्रतिभागियों के ठहरने की व्यवस्था परिसर के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक भवन में की गई है। उक्त व्यवस्था के अंतर्गत आवास हेतु निम्नलिखित तल निर्धारित किए गए हैं–

तल	निर्धारित व्यवस्था
प्रथम एवं द्वितीय तल	*पुरुष प्रतिभागियों हेतु*
तृतीय तल	*महिला प्रतिभागियों हेतु*

अतः सभी छात्र–छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 18 नवम्बर, 2026 से 22 नवम्बर, 2026 तक उक्त भवन के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तल पर अनधिकृत रूप से प्रवेश न करें। विशेष रूप से महिला प्रतिभागियों की सुरक्षा एवं निजता को ध्यान में रखते हुए तृतीय तल पर पुरुष विद्यार्थियों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस अवधि के दौरान परिसर के छात्र–छात्राएँ उक्त तलों पर स्थित शौचालयों का भी उपयोग नहीं करेंगे तथा निर्धारित व्यवस्था का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करेंगे।

इसके अतिरिक्त, महिला प्रतिभागियों की सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु महिला शिक्षिकाओं को निर्देशित किया जाता है कि वे समय–समय पर तृतीय तल का निरीक्षण करती रहें तथा किसी भी प्रकार की असुविधा अथवा अव्यवस्था पाए जाने पर तत्काल प्रशासन को अवगत कराएँ।

सभी छात्र–छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि वे उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करें तथा ऐसा कोई भी आचरण अथवा गतिविधि न करें जिससे विश्वविद्यालय एवं परिसर की गरिमा एवं छवि धूमिल हो। सभी विद्यार्थी अनुशासन, शालीनता एवं मर्यादा बनाए रखते हुए क्षेत्रीय युवा महोत्सव के सफल एवं सुचारु आयोजन में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। निर्देशों का उल्लंघन किए जाने पर नियमानुसार आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

17/11/2026

[प्रो. गुरुचरण सिंह नेगी/Prof. Gurucharan Singh Negi]

निदेशक/Director

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय/Central Sanskrit University

एकलव्य परिसर, अगरतला/Ekalavya Campus, Agartala

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थः

1. समस्त शैक्षणिक एवं गैर–शैक्षणिक सदस्य, के.सं.वि. एकलव्य परिसर।
2. समस्त छात्र, के.सं.वि. एकलव्य परिसर।
3. महिला एवं पुरुष छात्रावास वार्डन, के.सं.वि. एकलव्य परिसर।
4. समन्वयक, आईक्यूएसी, के.सं.वि. एकलव्य परिसर।
5. तकनीकी सहायक, के.सं.वि. एकलव्य परिसर।(सूचना परिसरीय वेबसाइट पर उपलोड करने हेतु)
6. सम्बन्धित संचिका।